NewsBroadcastersAssociation
NBA

# वन डे और टी-20 मैचों के लिए फुटेज इस्तेमाल संबंधी एन.बी.ए. के दिशा निर्देश

## भूमिका

1. न्यूज़ चैनलों पर वन डे क्रिकेट और टी-20 क्रिकेट मैचों के फुटेज के इस्तेमाल के संबंध में जारी ये दिशा-निर्देश **एनबीए** के सभी सदस्यों और एसोसिएट सदस्यों पर लागू होंगे।

## परिभाषाएं

2. **बोल्ड** अक्षरों में दिए गए कुछ विशेष शब्दों या 'टर्म' की व्याख्या इस दिशा-निर्देश के अंत में **अनुसूची** में दी गयी है।

## फ्रेश फुटेज (Fresh Footage) का इस्तेमाल

3. **न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स** नीचे पैरा 6 से 10 में दी गयी शर्तों का पूर्णत: पालन करते हुए प्रति **न्यूज़ डे** प्रत्येक मैच से 5.5 मिनट का **फ्रेश फुटेज** इस्तेमाल कर सकते हैं। जिसे निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार एक **न्यूज़ साइकल** में रिपीट किया जा सकता है:

(A) उपरोक्त 5.5 मिनट के **फ्रेश फुटेज** के अलावा मैच-पूर्व के टॉस, मैच पूर्व या पश्चात की किसी एंटरटनमेंट इवेंट, मैच-पश्चात के प्रेजेंटेशन समारोह से संबंधित 1 मिनट का **फ्रेश फुटेज** अगल से इस्तेमाल किया जा सकता है।

(B) किसी सामान्य न्यूज़ बुलेटिन या स्पोर्ट्स बुलेटिन में आधे घंटे की अवधि में अधिकतम 2 मिनट **फ्रेश फुटेज** इस्तेमाल किया जा सकता है।

(C) किसी स्पेशल प्रोग्राम में एक घंटे की अवधि में अधिकतम 6 मिनट **फ्रेश फुटेज** इस्तेमाल किया जा सकता है।

(D) सामान्य न्यूज़ बुलेटिन या स्पोर्ट्स बुलेटिन में आधे घंटे की अवधि में कोई भी **फ्रेश फुटेज** दो बार से ज़्यादा रिपीट नहीं किया जा सकता, लेकिन न्यूज़ या स्पोर्ट्स बुलेटिन में ये प्रतिबंध किसी **असाधारण घटना** के **फुटेज** पर लागू नहीं होगा।

4. कोई भी न्यूज़ चैनल किसी भी हालत में 'लाइव' **फुटेज** नहीं दिखा सकता है। मैच प्रसारित करने वाले चैनल के **फुटेज** दिखा चुकने के कम से कम 7 मिनट के बाद न्यूज़ चैनल किसी फुटेज को इस्तेमाल में ला सकेंगे। **फुटेज** का ये इस्तेमाल ऊपर पैरा 3 में दी गयी शर्तों के अनुरूप ही हो सकेगा। यदि मैदान पर कोई **असाधारण घटना** होती है, तो उसका **फुटेज** भी कम से कम 5 मिनट बाद ही दिखाया जा सकेगा।

## आर्काइवल फुटेज (Archival Footage) का इस्तेमाल

5. नीचे पैरा 6 से 10 में दी गयी शर्तों का पूर्णत: पालन करते हुए **न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स** प्रति **न्यूज़ डे** अधिकमत 6 मिनट का **आर्काइवल फुटेज** इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसे निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार दिन भर रिपीट किया जा सकता है :

Correspondence Address: ME-5, Sah Vikas Apartments, 68 Patparganj, Delhi - 110092
M: 9810025212, Telfax: 22231872, Email: nba@nbanewdelhi.com, Web: www.nbanewdelhi.com
Registered Office: 101-103 Paramount Tower, C-17 Community Center, Janakpuri, New Delhi - 110058

(A) किसी सामान्य न्यूज़ बुलेटिन या स्पोर्ट्स बुलेटिन में आधे घंटे की अवधि में अधिकतम 2 मिनट **आर्काइवल फुटेज** इस्तेमाल किया जा सकता है।

(B) किसी स्पेशल प्रोग्राम में एक घंटे की अवधि में अधिकतम 4.5 मिनट का **आर्काइवल फुटेज** इस्तेमाल किया जा सकता है और प्रोग्राम के रिपीट होने की स्थिति में उसे रिपीट भी किया जा सकता है।

(C) प्रोमो, शो-ओपन या मोंटाज के लिए प्रति **न्यूज़ डे** 60 सेकेंड **आर्काइवल फुटेज** इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन किसी भी एक प्रोमो, शो-ओपन या मोंटाज में अधिकतम 10 सेकेंड का **आर्काइवल फुटेज** ही इस्तेमाल किया जा सकता है; और

(D) **आर्काइवल फुटेज** के रिपीट इस्तेमाल में वही शर्तें लागू होंगी जो **फ्रेश फुटेज** के रिपीट इस्तेमाल पर लागू होती हैं।

## व्यावसायिक दिशा निर्देश

6. ऊपर पैरा 3 व 4 के अधीन **फ्रेश फुटेज** का इस्तेमाल और पैरा 5 के अधीन **आर्काइवल फुटेज** का इस्तेमाल केवल न्यूज़ और करंट अफेयर्स प्रोग्राम के लिए ही किया जायेगा। **फ्रेश फुटेज** और/ या **आर्काइवल फुटेज** का किसी भी प्रकार से व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की अनुमति किसी भी स्थिति में नहीं है।

7. यहां ये स्पष्ट करना आवश्यक है कि **न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स** अपने सामान्य न्यूज़ बुलेटिन और/ या स्पोर्ट्स बुलेटिन और/ या करंट अफेयर्स प्रोग्राम और/ या अन्य प्रोग्रामों के लिए, जिनमें **फ्रेश फुटेज** या **आर्काइवल फुटेज** का इस्तेमाल किया गया हो, सामान्य तौर पर प्रायोजक के विज्ञापन/ सामान्यतया लिए जाने वाले कमर्शियल ब्रेक ले सकते हैं, लेकिन किसी भी स्थिति में किसी भी **फ्रेश फुटेज** और/ या **आर्काइवल फुटेज** के ठीक पहले, ठीक बाद में या फुटेज के बीच में कहीं भी कोई विज्ञापन, स्टिंग, लोगो, ग्राफिक्स और/ या अन्य किसी भी प्रकार से कोई कमर्शियल (मार्फिंग Morphing) इस्तेमाल नहीं कर सकते और **फ्रेश फुटेज** और/ या **आर्काइवल फुटेज** के साथ किसी भी थर्ड पार्टी के ब्रांड या उत्पादन का किसी भी रूप में कोई संबंध नहीं जोड़ा जा सकता।

## क्रेडिट संबंधित दिशा- निर्देश

8. **फ्रेश फुटेज** और/ या **आर्काइवल फुटेज** के इस्तेमाल की पूरी अवधि के दौरान न्यूज़ चैनल को, मैच का प्रसारण करने वाले चैनल का 'सौजन्य बग' लगातार स्क्रीन पर बनाए रखना होगा।

9. न्यूज़ चैनल जहां-जहां और जिस भी रूप में **इवेंट** का कवरेज कर रहा हो, वहां-वहां उसे **इवेंट** के पूरे और सही-सही नाम का उल्लेख करना होगा, चाहे उस समय किसी **फ्रेश फुटेज** और/ या **आर्काइवल फुटेज** का इस्तेमाल किया गया हो या न किया गया हो।

10. यदि न्यूज़ चैनल के प्रसारण में न्यूज़ चैनल के लोगो या अन्य किसी भी कारण से इवेंट का लोगो ढक जा रहा हो, तो न्यूज़ चैनल को स्क्रीन के निचले हिस्से में या स्क्रीन पर कहीं भी **इवेंट** का पूरा नाम लिखना होगा।

Correspondence Address: ME-5, Sah Vikas Apartments, 68 Patparganj, Delhi - 110092
M: 9810025212, Telfax: 22231872, Email: nba@nbanewdelhi.com, Web: www.nbanewdelhi.com
Registered Office: 101-103 Paramount Tower, C-17 Community Center, Janakpuri, New Delhi - 110058

# अनुसूची
## परिभाषाएं

**आर्काइवल फुटेज** का अर्थ है ऐसे किसी भी मैच का फुटेज, जिसे समाप्त हुए 24 घंटे से ज्यादा बीत चुके हों और/ या पिछली इवेंट के मैचों का फुटेज;

**न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स** से अर्थ है उन सभी न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स से जो **एनबीए** के सदस्य या एसोसिएट सदस्य हों;

**असाधारण घटना** का अर्थ है समाचारों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कोई असाधारण घटना या मैच के दौरान कोई अति महत्वपूर्ण उपलब्धि, जिसमें चौके छक्के लगना, विकेट गिरना, अर्ध शतक या शतक बनना और/ या किसी खिलाड़ी द्वारा कोई व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल करने समेत कोई भी अन्य घटना शामिल हो सकती है।

**इवेंट** से अर्थ है कि भी क्रिकेट मैच या मैचों की श्रृखंला जो किसी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत खेली जा रही हो ;

**फुटेज** का अर्थ सभी प्रकार के लाइव सिग्नल (जिसमें सभी ऑडियो, वीडियो और ऑडियो विजुअल मटीरियल शामिल हैं) और सभी रिकॉर्डेड ऑडियो, वीडियो और ऑडियो विजुअल मटीरियल, जिसका संबंध किसी मैच से हो (जिसमें स्टम्प/ विकेट और/ या हेल्मेट कैमरा फुटेज, माइक्रोफोन आउटपुट और किसी खिलाड़ी का इंटरव्यू, या मैच पूर्व टास से लेकर मैच पश्चात के प्रेंजेंटेशन समारोह की समाप्ति तक के बीच हुई अन्य कोई भी चीज या घटना जो मैच कवरेज के लाइव ब्रॉडकास्ट में शामिल हो) ;

**फ्रेश फुटेज** का अर्थ है कोई फुटेज (**आर्काइवल फुटेज** के अतिरिक्त) जो **न्यूज़ ब्रॉडकास्टर** ने पहली बार ब्राडकास्ट (प्रथम प्रयोग) किया हो ;

**मैच** का अर्थ है कोई भी मैच जो **इवेंट** का हिस्सा हो ;

**एनबीए** का अर्थ है **न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन**, जो भारत में न्यूज़ चैनलों की प्रतिनिधि संस्था है ;

**न्यूज़ साइकल** का अर्थ है भारतीय समयानुसार प्रात: 6 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे के बीच की 18 घंटे की अवधि ;

**न्यूज़ डे** का अर्थ है 24 घंटे का समय जब से मैच शुरु होता है।

**20.7.2010**

Correspondence Address: ME-5, Sah Vikas Apartments, 68 Patparganj, Delhi - 110092
M: 9810025212, Telfax: 22231872, Email: nba@nbanewdelhi.com, Web: www.nbanewdelhi.com
Registered Office: 101-103 Paramount Tower, C-17 Community Center, Janakpuri, New Delhi - 110058